"ओनली 25 आउट आफ 2,042 फूड सैक्टर प्रोजेक्टस एक्जीक्यूटिड इन टू इयर्स" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है)

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों में सरकार द्वारा स्वीकृत 2,042 परियोजनाओं ने से अब तक केवल 25 की ही कार्यान्वित किया गया है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर ना" हो इस संबंध में तथ्य क्या है ?

खाद्य प्रसंकरण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) :

(क) जी, हां ।

(ख) से (घ) नवीनतम सूचना के अनुसार उद्यमियों द्वारा खाद्य उत्पादों के संबंध में वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ करने के लिए 97 ज्ञापन प्रस्तुत किए गये हैं। परियोज.ाओं के कार्यान्वयन में सामान्यतया 2-3 वर्ष का समय लग जाता है क्योंकि यह विभिन्न घटकों जैसे बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, उत्पाद की किस्म, राज्य स्तर पर विभिन्न स्वीकृतियों, वित्त की व्यवस्था आदि पर निर्भर करता है ।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तार और विकास के लिए राष्ट्रीय नीति

286. श्री राम जेठमलानी : : क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विस्तार और विकास के लिए एक राष्ट्रीय नीति घोषित करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस नीति की घोषणा करने से पूव किसानों, उद्योगपतियों और अन्य विशेषज्ञों के साथ इस मामले में परामर्श करना चाहती हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की उक्त योजना का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) से (ग) खाद्य प्रसंस्करण पर एक नीति तैयार करने के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी गई है । इस नीति में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और आमदनी बढ़ाने की दृष्टि से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के त्वरित विकास एवं संवर्धन, फसलोत्तर नुकसान को कम करने, उद्योग और किसानों के बीच उत्पादक संपर्क स्थापित करने, प्रसंस्कृत खाद्यों के निर्यात को बढ़ाने और सामान्यता: कृषि एवं संबंधित क्रिया-कलापों के त्पादक कार्यों को समर्थन देने के बारे में उल्लेख किया जायेगा । सभी संबंधितों से विधिवत परामर्श करके इसे अंतिम रूप दिया जायेगा ।

Demand for transplantation of human organs

287. SHRI KRISHAN LAL SHARMA; Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the demand for transplantation of human organs in the country is on the increase;

(b) whether it is also a fact that a number of human organs go waste as a result; of fatal road accidents;

(c) whether Government propose to enact a law permitting instantaneous removal of organs from victims of road accidents under a qualification, presumed consent; and